<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में देश का 73वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पंतनगर। 27 जनवरी 2022। विश्वविद्यालय में देश का 73वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने प्रातः 9:30 बजे गांधी मैदान में तिरंगा फहराया तथा उपस्थित शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को देश की एकता व बंधुता को बनाये रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने असंख्य शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जिनके बलिदानों की नींव पर भारत स्वतंत्र रूप से खड़ा है।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. प्रताप ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि यह वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव भी है जिसको पूरे देश में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम कृषि विश्वविद्यालय होने के नाते देश में यह खाद्य सुरक्षा में बहुत बड़ा योगदान निभाते आ रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से दीक्षा प्राप्त करने के उपरांत 40 हजार से भी अधिक विद्यार्थी देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपना योगदान दे रहे हैं। डा. प्रताप ने विश्वविद्यालय को देश के समस्त कृषि विश्वविद्यालय की रैकिंग में प्रथम स्थान तथा देश के सभी संस्थानों/विश्वविद्यालयों में चौथा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने आह्वाहन किया कि विश्वविद्यालय के सभी कर्मी देश के हित के लिए अपना योगदान दें और देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

डा. प्रताप ने अन्य सभी इकाईयों द्वारा भी सराहनीय कार्य करने के लिए बधाई दी एवं भविष्य में भी सार्थक सहयोग की अपेक्षा की। 'जय हिन्द' के तीन बार उद्घोष, जिसे उपस्थित जनों ने दोहराया, के साथ कुलपति ने अपने उद्बोधन का समापन किया।

विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य को सम्बोधित करते कुलपति, डा. तेज प्रताप।